## पीडब्ल्यूडी विभाग को हाई कोर्ट ने दिए सख्त निर्देश

# जजों के बंगलों और प्रशासनिक भवन के निर्माण में कोताही

**नागपुर.** सीमेंट रोड के निर्माण में लापरवाही और मनपा अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए जनमंच की ओर से हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई. याचिका पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट की ओर से कई बार कड़े आदेश जारी किए गए. आदेशों के अनुसार पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता की ओर से जजों के बंगलों और हाई कोर्ट की प्रशासकीय इमारत को लेकर चल रहे निर्माणकार्य की वर्तमान स्थिति के साथ हलफनामा दायर किया गया. सुनवाई करते हुए न्यायाधीश उर्मिला जोशी-फालके और न्यायाधीश निवेदिता मेहता ने निर्माण कार्य के प्रगति की कड़ाई से समीक्षा की.

**निर्माण कार्य की सुस्त गति**

सौमित्र बंगले के काम को लेकर अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि 15 अगस्त 2026 तक काम में ठोस और पर्याप्त प्रगति दिखने पर ही



समय सीमा बढ़ाने के किसी भी अनुरोध पर विचार किया जाएगा. विवेक बंगला के संदर्भ में अदालत ने निर्देश दिया है कि इस बंगले के निर्माण की प्रगति रिपोर्ट को अदालत के रिकॉर्ड के साथ-साथ हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार के समक्ष भी प्रस्तुत किया जाए. सुनीत बंगल में फर्नीचर लगाने के काम के लिए सार्वजनिक निर्माणकार्य विभाग ने अपने हलफनामे में एक महीने का समय मांगा था. हालांकि, पीठ ने इस मांग को खारिज करते हुए कहा कि इस कार्य के लिए एक महीने के समय की बिल्कुल आवश्यकता नहीं है.

### *15 दिनों के भीतर पूरा करने का करें प्रयास*

*अदालत ने पीडब्ल्यूडी को सख्त निर्देश दिए कि फर्नीचर के चयन और उसे अंतिम रूप दिए जाने की तारीख से मात्र 15 दिनों के भीतर इस काम को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाए. अदालत ने पीडब्ल्यूडी के हलफनामे को अपने रिकॉर्ड पर ले लिया है. अदालत ने स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई विशेष रूप से %विवेक% बंगले की प्रगति रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लाने के लिए रखी गई है. गत समय हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता संस्था %जनमंच% को महानगर पालिका के रिकॉर्ड और ऑडिट रिपोर्ट का निरीक्षण करने की अनुमति थी. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत में सुझाव दिया था कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता जांच के लिए स्वतंत्र और निजी व्यक्तियों को नियुक्त किया जाना चाहिए, ताकि बिना किसी पूर्वाग्रह के निष्पक्ष ऑडिट हो सके.*

### *मनपा का गुणवत्ता का दावा*

*महानगर पालिका ने एक हलफनामा दायर कर अदालत को बताया था कि नगर विकास विभाग के 28 मार्च 2018 के सरकारी प्रस्ताव के तहत गुणवत्ता नियंत्रण और ऑडिटिंग प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं. मनपा के अनुसार शहर की सड़कों के लिए सीमेंट कांक्रीट पेवमेंट के निर्माण की योजना 2011 में बनी थी और जून 2011 में इसका वर्क आर्डर कार्यकारी एजेंसी को दे दिया गया था. मनपा ने अदालत में स्वीकार किया कि चरण-1 के टेंडर दस्तावेजों में थर्ड-पार्टी ऑडिट को अनिवार्य करने वाला कोई विशेष प्रावधान या अलग क्लॉज नहीं था. हालांकि, मनपा ने बताया कि अनुबंध के क्लॉज़.10 के तहत कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपाय लागू किए गए थे.*

## जिप शिक्षा विभाग के फैसले से बवाल

**नागपुर,** नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए करीब एक महीना बीत चुका है लेकिन जिप के प्राथमिक शिक्षा विभाग ने 30 सितंबर 2025 की संच मान्यता (स्टॉफ अप्रुवल) के आधार पर शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया शुरू कर दी है. विभाग के इस निर्णय से शिक्षकों में भारी असंतोष है?. शिक्षक संगठनों का आरोप है कि इस नीति के कारण कुछ स्कूलों में पर्याप्त विद्यार्थी संख्या होने के बावजूद शिक्षकों को अतिरिक्त घोषित किया जा सकता है. इससे संबंधित स्कूलों के विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ ही शिक्षकों के साथ भी अन्याय होगा.

शिक्षक संगठनों का कहना है कि शिक्षा विभाग की यह कार्रवाई सरकारी नियमों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के पूरी तरह विपरीत है, इसलिए समायोजन प्रक्रिया तत्काल स्थगित की जाए अथवा इसे 31 जुलाई 2026 की विद्यार्थी संख्या के आधार पर संचालित किया जाए. यह मांग नागपुर जिला सर्व प्राथमिक शिक्षक संगठन समन्वय समिति द्वारा की गई है. इस संबंध में समन्वय समिति के पदाधिकारियों ने शिक्षा अधिकारी नीलेश गुंड से मुलाकात कर चर्चा की. हालांकि शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों का आरोप है कि शिक्षा विभाग इस मामले में अड़ियल रवैया अपना रहा है.

# इंटरनेशनल ड्रग तस्कर को दबोचा

## RPF ने की कार्रवाई, बैंकॉक से माल लाकर करता मुंबई, कोलकाता में सप्लाई

**नागपुर, नगर प्रतिनिधि.** मध्य रेल नागपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल ने ट्रेन 12869 हावड़ा-मुंबई गीतांजलि एक्सप्रेस में एक इंटरनेशनल तस्कर को गिरफ्तार किया जो बैंकॉक से मादक पदार्थ की खेप लाकर मुंबई और कोलकाता में सप्लाई करता था. आरोपी का नाम कस्बा, कोलकाता निवासी मोआज असगर (26) बताया गया है. उल्लेखनीय है कि बंगाल में असगर विदेश से मादक पदार्थ लाकर यहां तस्करी के मामले में वांछित था. नागपुर आरपीएफ द्वारा गिरफ्तार करने के बाद कोलकाता पुलिस पहुंची और उसे अपनी हिरासत में लिया.



**मुंबई में सप्लाई के लिए सवार था ट्रेन में**

जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर नागपुर आरपीएफ की 3 टीमों ने गीतांजलि एक्सप्रेस में असगर की तलाश शुरू की. ट्रेन नागपुर पहुंचने ही वाली थी कि बी2 कोच की सीट 23 पर उसे ढूंढ लिया गया. पूछताछ में पहचान की पुष्टि होने के बाद उसे स्टेशन पर स्थित आरपीएफ थाना लाया गया. उसके पास मिले बैग में पासपोर्ट, 6 डेबिट कार्ड, पैन कार्ड, प्रायोरिटी पास, नेशनल कार्ड, कोलकाता मेट्रो कार्ड, 2 महंगे मोबाइल और एक मेमोरी कार्ड मिला. इसके अलावा ?54,300 नकद, एक काली पाउच में मादक पदार्थ जैसी प्रतीत होने वाली गोलियां, दादरङ्कहावड़ा का सामान्य टिकट और पुराने कपड़ों रखे थे.

### *बैंकॉक से लाता था नशे की खेप*

*पूछताछ में असगर ने बताया कि वह बैंकॉक से मादक पदार्थ लाकर मुंबई और कोलकाता में सप्लाई करता है. उसने पूर्व में 2 बार मादक पदार्थ की तस्करी करने तथा हाल ही में अपने एक साथी को करीब 8 किलो मादक पदार्थ उपलब्ध कराने की जानकारी दी. इस जानकारी के बाद रेलवे सुरक्षा बल ने और अधिक गहन जांच की तो पता चला कि उसके खिलाफ कस्बा, कोलकाता में विदेश से मादक पदार्थ लाकर तस्करी का का मामला दर्ज है जिसमें वह लंबे समय से फरार है. इसके बाद आरपीएफ ने ये सूचना तत्काल नारकोटिक सेल, डिटेक्टिव डिपार्टमेंट कोलकाता को दी. अगले ही दिन कोलकाता पुलिस के एसआई जी. घोष के नेतृत्व में एक जांच टीम नागपुर पहुंची. पहचान की पुष्टि और आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी असगर को जब्त सामग्री सहित कोलकाता पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया.*

# 48 नर्सों के नियमितीकरण का मुद्दा अटका

### सत्तापक्ष नेता की अनुपस्थिति के कारण सभा स्थगित

**नागपुर.** महानगरपालिका के सदन की कार्यवाही में सत्ता पक्ष के नेता की अस्वस्थता के कारण बैठक को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है. इस स्थगन के चलते नेशनल अर्बन हेल्थ मिशन के तहत कार्यरत 48 कान्ट्रैक्ट नर्सों को नियमित करने से जुड़े एक अति-महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर भी चर्चा टल गई है, जिस पर हाई कोर्ट के आदेशानुसार निर्णय लिया जाना था. सदन की कार्यवाही के दौरान उपनेता के हवाले से महापौर नीता ठाकरे ने बताया कि सत्ता पक्ष के नेता का स्वास्थ्य ठीक नहीं है और वे सभागृह में उपस्थित नहीं हैं. उन्होंने प्रस्ताव रखा कि उनकी गैरमौजूदगी में सदन की कार्यवाही चलाना उचित नहीं होगा, इसलिए अगली तारीख तय करके सभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया जाए. विपक्ष के नेता ने भी उपनेता के इस स्थगन प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई.

**हाई कोर्ट के आदेश की सदन में रखें जानकारी**

स्थगन के प्रस्ताव के दौरान विपक्ष नेता संजय महाकालकर ने कान्ट्रैक्ट नर्सों को लेकर हाई कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश तथा विषय पत्रिका में इसके उल्लेख को लेकर ध्यान आकर्षित किया. उन्होंने कहा कि यह विषय बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें मनपा आयुक्त को हाई कोर्ट के आदेश के तहत अपना निवेदन प्रस्तुत करना है. यह मामला नेशनल अर्बन हेल्थ मिशन के अंतर्गत पिछले कई वर्षों से महानगरपालिका में अपनी सेवाएं दे रहीं 48 कॉन्ट्रैक्ट नर्सों के नियमितीकरण से जुड़ा है. इन नर्सों ने अपनी नौकरी को नियमित करने की मांग को लेकर अदालत में याचिका दायर की है. महाकालकर ने जोर देकर कहा कि अदालत के संभावित बंधनों को ध्यान में रखते हुए भी इस विषय को तुरंत सदन की चर्चा में लिया जाना चाहिए.

## मूसलाधार बारिश का कहर, प्रशासन ने जारी किए निर्देश


# 'ऑरेंज अलर्ट' आज सभी स्कूल-कॉलेज बंद

**नागपुर।** सिटी और उसके आसपास के इलाकों में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है. मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश की चेतावनी और %ऑरेंज अलर्ट% को देखते हुए नागपुर जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर 29 जुलाई को सभी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों में एक दिन का अवकाश घोषित कर दिया है.

**108 मिमी बारिश से बिगड़े हालात, बाढ़ की आशंका**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 28 से 30 जुलाई के बीच नागपुर जिले में भारी से बहुत भारी बारिश (अतिवृष्टि) की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. मंगलवार को दोपहर 2.30 बजे तक ही शहर में 108 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी थी.

भारी बारिश के कारण जिले के कई हिस्सों में जलभराव हो गया है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 29 जुलाई को अतिवृष्टि के कारण जिले के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने की पूरी संभावना है.



### *विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क*

*इस संभावित आपातकालीन स्थिति और अतिवृष्टि के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए प्रशासन ने त्वरित कदम उठाए हैं. आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30 और 34 के तहत प्राप्त अधिकारों का उपयोग करते हुए जिलाधिकारी तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष कुमार आशीर्वाद ने छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर 29 जुलाई को छुट्टी का आधिकारिक आदेश जारी किया है.*

### इन क्षेत्रों में लागू रहेगा बंदी का आदेश

जिलाधिकारी के आदेशानुसार यह अवकाश संपूर्ण नागपुर शहर (नागपुर महानगरपालिका क्षेत्र सहित) और उससे लगी तहसीलों नागपुर ग्रामीण, हिंगना और कामठी के क्षेत्रों में लागू रहेगा. इन क्षेत्रों में आने वाले सभी सरकारी और निजी आंगनवाड़ी, प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल, महाविद्यालय (कॉलेज), कोचिंग क्लासेस बुधवार को पूरी तरह से बंद रहेंगे.

### अलर्ट मोड पर प्रबंधन टीमें

प्रशासन की ओर से बताया गया कि इस आदेश की सूचना नागपुर के संभागीय आयुक्त, महानगरपालिका आयुक्त, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (जिला परिषद) और शिक्षा अधिकारियों सहित सभी संबंधित विभागों को सूचनार्थ और तत्काल कार्यवाही के लिए भेज दी हैं. प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आपदा प्रबंधन टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है,

# पत्रकार के भाई को फंसाने का संदेह, हाई कोर्ट ने पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल

**नागपुर.** हाई कोर्ट ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए एनडीपीएस मामले में आरोपी मोहम्मद अतीक मोहम्मद शफीक को जमानत दे दी है. अदालत ने माना कि पुलिस की एफआईआर और उनके द्वारा दी गई दलीलों में भारी विरोधाभास है और इस बात की पूरी संभावना है कि आरोपी को उसके पत्रकार भाई द्वारा पुलिस की कमियों को उजागर करने के कारण फंसाया गया हो. पुलिस के अनुसार 27 मई 2026 को पुलिस अधिकारी रवि मुंडे की शिकायत पर पिंपलगांव राजा पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था.

पुलिस का दावा था कि गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी के गोदाम पर छापा मारा गया, जहाँ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन) के चावल और गेहूं से भरे दो बोरों के अंदर 4 किलो गांजा प्लास्टिक की थैलियों में छिपाकर रखा गया था.

**पुलिस की कहानी में झोल**

आरोपी के वकील अधि. एम.एन. अली ने कोर्ट को बताया कि पुलिस ने आरोपी को सुबह 7 बजे ही उसके घर से हिरासत में ले लिया था, लेकिन छापेमारी शाम 4.10 बजे दिखाई गई. बचाव पक्ष ने अदालत को बताया कि आरोपी का भाई एक पत्रकार है, जिसने %बायो डीजल माफिया% और पुलिस अधिकारियों की अयोग्यता के खिलाफ कई खबरें प्रकाशित की थीं. इसी का बदला लेने के लिए पुलिस ने दुर्भावनापूर्ण इरादे से गांजा प्लांट करके आरोपी को झूठे केस में फंसाया है. बचाव पक्ष ने यह भी ध्यान दिलाया कि पुलिस ने गोदाम से राशन वितरण के 47 बोरे जब्त करने का दावा किया, लेकिन %आवश्यक वस्तु अधिनियम% के तहत कोई भी प्रावधान नहीं लगाया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि छापेमारी का असल मकसद सिर्फ आरोपी को ड्रग्स के झूठे मामले में फंसाना था.

## पेंशनर्स की मासिक बैठक में हुई चर्चा

**बैतूल।** भारतीय स्टेट बैंक बैतूल के पेंशनर्स की मासिक बैठक 27 जुलाई को आयोजित हुई। बैठक में संगठन के अध्यक्ष एन.के. मांडवे, सचिव एस.पी.के. लाजरस, कोषाध्यक्ष पियूष ओसवाल सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सदस्यों द्वारा विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित मुद्दे उठाए गए, जिन पर विस्तारपूर्वक एवं गंभीरता से चर्चा की गई। विशेष रूप से क्षेत्रीय कार्यालय में डिस्पेंसरी (औषधालय) खोले जाने का मुद्दा प्रमुखता से सामने आया। इस संबंध में संगठन के अध्यक्ष एन.के. मांडवे एवं सचिव एस.पी.के. लाजरस द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक से चर्चा कर समस्या का समाधान करने की बात कही गई। बैठक के दौरान पेंशनर्स के हितों से जुड़े अन्य विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया तथा संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने को लेकर सदस्यों ने अपने सुझाव दिए।

## विट्ठल रुकमणी मंदिर तक निकाली यात्रा

**मुलताई।** आषाढ़ी एकादशी के पावन अवसर पर ड्रीम्ज प्ले पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा मंगलवार को ताप्ती तट स्थित विट्ठल रुकमणी मंदिर तक भव्य पालकी यात्रा निकालकर जयकारे लगाए।भगवान विट्ठल और माता रुकमणी के जयकारों, ढोल-ताशों और भजनों के साथ बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में मंदिर तक पहुंचे। हाथों में पताका और विट्ठल की मूर्ति लिए बच्चों को देखकर पूरे मार्ग का माहौल भक्तिमय हो गया।

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान जारी

**पाथाखेड़ा।** थाना सारनी अंतर्गत सुखाढाना स्थित पीएलएस स्कूल में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। थाना प्रभारी जयपाल इवनाती ने बच्चों को नशामुक्त जीवन का महत्व बताते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने एवं दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

# क्लॉक टावर और रेड स्टोन से होगा लल्ली चौक का सौंदर्यीकरण

**बैतूल।** शहर के प्रमुख लल्ली चौक और नगर पालिका परिसर का सौंदर्यीकरण इस सप्ताह से शुरू होगा। विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश, कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे और नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर के मार्गदर्शन तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पाण्डेय के नेतृत्व में यह परियोजना अमल में लाई जाएगी। सोमवार को सीएमओ नवनीत पाण्डेय ने अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। सीएमओ नवनीत पाण्डेय ने बताया कि योजना के



अनुसार लल्ली चौक पर लगभग 15 फीट ऊंचा क्लॉक टावर स्थापित किया जाएगा, वहीं जय स्तंभ परिसर का रेड स्टोन से सौंदर्यीकरण कर उसके चारों ओर करीब दो फीट ऊंची आकर्षक बाउंड्री बनाई जाएगी। हाल ही में हटाए गए अतिक्रमण वाले हिस्से में मिट्टी भरकर दीवार बनाई जाएगी और हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण किया जाएगा। भविष्य में मिसाइल मॉडल सहित अन्य आकर्षक संरचनाएं भी विकसित करने की योजना है। यातायात को सुगम बनाने के लिए वर्तमान गोल चौराहे (रोटरी) को पीछे की ओर स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे सड़क की चौड़ाई बढ़ेगी और वाहनों की आवाजाही आसान होगी।

आवश्यकता पड़ने पर हाईमास्ट पोल को भी बाउंड्री के भीतर नए स्थान पर स्थापित किया जाएगा। कारगिल चौक की ओर सड़क चौड़ीकरण का कार्य बारिश के बाद शुरू किया जाएगा, जहां लगभग 80 एमएम मोटाई के ब्लॉक लगाने की भी योजना है।

# राशि जमा करने की तिथि बढ़ाने की मांग

**सारनी।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने जलकर एवं नल कनेक्शन की राशी जमा करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग नपा सीएमओ से की है। मंगलवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बटेश्वर भारती के साथ एक प्रतिनिधि मंडल ने नपा सीएमओ हितेश शाक्य से मुलाकात कर जलकर की राशि जमा करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। ब्लाक अध्यक्ष बटेश्वर भारती ने कहा कि पालिका प्रशासन ने पाथाखेड़ा क्षेत्र के वार्डो में नोटिस बांटकर जलकर एवं नल कनेक्शन की राशी जमा नहीं करने



पर नल कनेक्शन काटने की चेतावनी दी है।

उन्होंने कहा कि नपा प्रशासन ने जलकर एवं नल कनेक्शन की राशी जमा करने को लेकर वार्डो मे शिविर आयोजित कर रही है। शिविर के माध्यम से राशी जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन काटने की बात कही गई है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने सीएमओ को ज्ञापन देकर 90 दिनों का समय देने की मांग की है। नल कनेक्शन काटने पर हडताल करने की बात कही है।

# नए नायब तहसीलदार श्याम सिंह उईके ने संभाला कार्यभार

**चिचोली।** चिचोली तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार पूनम साहू के स्थान पर श्याम सिंह उईके ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। नए नायब तहसीलदार के पदभार ग्रहण करने से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, चिचोली क्षेत्र की एक पुरानी और महत्वपूर्ण मांग एक बार फिर चर्चा में है। गौरतलब है कि टप्पा तहसील से तहसील बनने के कई साल बीत जाने के बाद भी चिचोली में आज तक एसडीएम कोर्ट की व्यवस्था शुरू नहीं हो सकी है। इसके कारण क्षेत्र के नागरिकों, किसानों और राजस्व प्रकरणों से जुड़े लोगों को सुनवाई के लिए जिला मुख्यालय पर जाना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक दोनों प्रकार की परेशानी होती है। किसान संघ सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कई बार मांग की है कि चिचोली तहसील में सप्ताह में कम से कम एक दिन एसडीएम कोर्ट की नियमित व्यवस्था की जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर ही राजस्व एवं अन्य प्रकरणों की सुनवाई हो सके। हालांकि अब तक इस मांग पर स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है

# कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीद सैनिकों को किया नमन

**नव भारत न्यूज**

**पांढुरना, 28 जुलाई,** नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कारगिल विजय दिवस अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को याद किया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त सैनिक तिलकचंद कौशिक उपस्थित रहे. उनके साथ ही संस्था के कोषाध्यक्ष शैलेश भाई शाह और पूर्व अध्यक्ष सुधाकर कोरडे विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर विराजमान थे. विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं इस गरिमामयी समारोह में उपस्थित रहे.

मुख्य अतिथि तिलकचंद कौशिक ने सेना के अपने अनुभवों को साझा करते हुए छात्रों में देशप्रेम की अलख जगाई. उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में हमारे जवानों ने विपरीत परिस्थितियों में भी तिरंगा फहराकर भारत का मान



बढ़ाया था. युवाओं को हमेशा राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ जीना चाहिए.

ज कोषाध्यक्ष शैलेश भाई शाह ने अपने संबोधन में कहा कि वीर शहीदों का बलिदान हमें यह सिखाता है कि देश की अखंडता से बढ़कर कुछ नहीं है. उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों की याद दिलाई.

अंत में प्राचार्य दिलीप राउत ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया.

इसी प्रकार शंकर नगर स्थित विद्यालय में कारगिल विजय दिवस के गौरवशाली अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व सैनिकों, गणमान्य अतिथियों और नन्हे बच्चों ने कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह की मुख्य बातें और मुख्य अतिथि शहीद परिवार का सम्मान भारतीय सेना के स्वर्गीय सैनिक राधेश्याम कोरडे की पत्नी श्रीमती उमा कोरडे कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहीं, जिनका विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर हिंदी माध्यम के प्रधानाचार्य उल्हास राउत और अंग्रेजी माध्यम की प्रधानाचार्य श्रीमती सुदीप कौर ने अतिथियों का स्वागत किया और शहीदों के बलिदान को याद किया।बच्चों की सहभागिता विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी देशभक्ति के जज्बे के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया और वीर जवानों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य साहस की गाथाएं साझा कीं और नई पीढ़ी को देश सेवा के लिए प्रेरित किया।

# रेनबो स्कूल में किशोरियों के स्वास्थ्य रहने के डॉ सोनल ने दी जानकारी

**नव भारत न्यूज**

**पांढुरना, 28 जुलाई,** नगर के रेनबो हायर सेकेंडरी स्कूल में आज छात्राओं के लिए किशोरियों की व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर एक विशेष जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात त्वचा रोग एवं सौंदर्य विशेषज्ञ डॉ. मोनल अरोरा सपड़ा उपस्थित रहीं। उन्होंने किशोरावस्था के दौरान होने वाले




शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म स्वच्छता, संतुलित आहार, त्वचा की देखभाल, संक्रमण से बचाव तथा स्वस्थ जीवनशैली के विभिन्न पहलुओं पर अत्यंत सरल, वैज्ञानिक एवं प्रेरणादायी ढंग से छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

डॉ. सपड़ा ने कहा कि स्वस्थ शरीर, स्वच्छ आदतें और सकारात्मक सोच ही एक आत्मविश्वासी एवं सशक्त व्यक्तित्व की पहचान हैं। उन्होंने छात्राओं को बिना किसी संकोच के स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर सही जानकारी प्राप्त करने तथा स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ द्वारा सहज एवं वैज्ञानिक उत्तर दिया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि वर्तमान समय में किशोरियों को स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है।

ऐसे कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा भी जागृत करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक अनिल वानोडे, शाला डायरेक्टर राम नंदेवार, प्राचार्य अमोल नंदेवार, एकेडमिक हेड अल्पेश शाह, चीफ एज्युकेशनिस्ट अविनाश चापले तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने डॉ. मोनल अरोरा सपड़ा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उन्हें शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं नैतिक रूप से भी सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने इस संगोष्ठी को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा वे स्वच्छ, स्वस्थ एवं आत्मविश्वासपूर्ण जीवन की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाएँगी।